अमर उजाला 13/12/2023

पीएम मोदी का संबोधन सुन विद्यार्थी उत्साहित

संबोधन सुनते कॉलेज के विद्यार्थी। संस्था

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों को विकसित भारत 2047 वॉयस ऑफ द यूथ प्लेटफॉर्म के लॉन्च में भाग लेने का अनूठा अवसर मिला। इसमें प्रधानमंत्री का संबोधन शामिल था।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह आयोजन युवा जुड़ाव और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री ने किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि कोई देश अपने लोगों के विकास से ही विकसित होता है। संवाद